RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

पीएम होते भगत सिंह, भारत होता खास।
खोद रहे होते कहीं, अब के नेता घास।
अब के नेता घास, हड़प ना पाते मेवा।
करनी पड़ती इन्हें, लोक की सचमुच सेवा।
कह साहिल कविराय, सयाने होते सीएम।
भारत होता खास, भगत सिंह होते पीएम।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 11 | ISSUE 65 | THURSDAY 19-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

OMAXE
Turning dreams into reality

RERA Reg. No.: PBRERA-LDH45-PC0396
RERA Website: www.rera.punjab.gov.in

THIS Navratri
OWN LUDHIANA'S MOST PREMIUM ADDRESS!

OMAXE CHOWK
A Luxurious Heritage Bazaar



A destination for wedding shopping, lifestyle retail, dining & entertainment

Double Height Retail Shops | Dawatpur-Food Court & Restaurants | 1000 + Organized Parking Space | 5 Major Entry & Exit Points
Bridal Market & Jewel Court | Multi-Road Frontage

*Terms & Conditions Apply.

LOCKABLE SHOPS STARTING @ ₹1.2 CR.*

GET LOYALTY CHARGES 12% P.A.* TILL APPLICATION OF OC

ASSURED GOLD COIN ON EVERY BOOKING#

WHY INVEST IN OMAXE CHOWK?

Prime Location
At the Heart of Ludhiana. At the Centre of Opportunity.

A Unique Concept
Not just a mall or a market, but a heritage bazaar

Rooted in Heritage
A destination inspired by Ludhiana's heritage.

Never Before, Never Again
A once-in-a-lifetime opportunity in the heart of Ludhiana.

Fountain Chowk, Ludhiana - 01

Project Name: Omaxe Chowk
Project Promoted by: M/s. Ludhiana Wholesale Market Private Limited | CIN: U70109DL2022PTC402753
Promoter Address: 7 LSC Kalkaji, South Delhi, Delhi - 110019 | Site Address: Block 19 between Ghumar Mandi (Rani jhansi Road) and College Road, Near Fountain Chowk, Civil Line, Ludhiana, Punjab - 141001 | RERA Reg. No.: PBRERA-LDH45-PC0396 | www.rera.punjab.gov.in

9999 999 283

Disclaimer: This Advertisement is indicative in nature & does not constitute as an offer or invitation for the purpose of Registration/Booking/Sale. Visual representations shown in this advertisement are not a legal offering etc. The viewer/prospective buyer may seek all such information, sanction plans, approvals, specifications, facilities & amenities, from the company in respect of the project that he/she may be interested in, before any such booking/registration, etc. Further details of the project(s) are available at the company/site/marketing office(s) and/or company website: www.omaxe.com and on the website of RERA, Punjab: www.rera.punjab.gov.in and/or at their office.
#24 Ct. gold coin (2g-20g) subject to investment value and Company's discretion. T&C apply.




# हरियाणा में राज्यसभा चुनावों में बीजेपी को वोट देने वाले 4 कांग्रेस विधायकों के नाम सामने आए

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। हरियाणा में राज्यसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक लड़ाई तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने सार्वजनिक रूप से अपने चार ऐसे विधायकों के नाम बताए हैं जिन पर क्रॉस-वोटिंग का आरोप है। इससे पार्टी के अंदरूनी मतभेद भी सामने आ गए हैं। बुधवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद ने कहा कि शैली चौधरी (नारायणगढ़), मोहम्मद इलियास (पुन्हाना), मोहम्मद इसराइल (हथीन) और रेणुबाला (सढौरा) ने बीजेपी के पक्ष में वोट दिया। उन्होंने आगे कहा कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। प्रसाद ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया ₹पैसे, बाहुबल और



## बीजेपी ने निर्दलीय उम्मीदवार का किया समर्थन

उनके अनुसार, पर्याप्त संख्या न होने के बावजूद, बीजेपी ने एक दूसरे उम्मीदवार का समर्थन किया जो निर्दलीय चुनाव लड़ रहा था। ऐसा कांग्रेस के उम्मीदवार को हराने के लिए किया गया, जो कि एक दलित हैं। उन्होंने आगे कहा कि वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा के साथ मिलकर, उन्होंने एक अधिकृत एजेंट के तौर पर खुद मतपत्रों की समीक्षा की।

## उनके पास 37 वोट थे

उन्होंने कहा, हमारे पास 37 वोट थे, लेकिन 5 या 6 वोटों को अमान्य घोषित कर दिया गया। मतपत्रों की जांच करने के बाद, हमने पुष्टि की कि चार विधायकों ने क्रॉस-वोटिंग की थी। राज्यसभा की दो सीटों के लिए मतदान सोमवार को हुआ था। जहां बीजेपी के संजय भाटिया ने अपनी सीट आसानी से जीत ली, वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार करमवीर सिंह बोध ने निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के खिलाफ कड़े मुकाबले में दूसरी सीट पर मुश्किल से जीत हासिल की।

## विरोध प्रदर्शन के बाद हुआ खुलासा

यह घटनाक्रम तब सामने आया जब कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने पार्टी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की थी कि क्रॉस-वोटिंग करने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा के हस्तक्षेप और उन्हें मनाने के बाद यह विरोध प्रदर्शन बाद में समाप्त कर दिया गया। कांग्रेस नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि पार्टी अनुशासन के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा और क्रॉस-वोटिंग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संस्थागत दबाव₹ से प्रभावित थी। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के नतीजों को बदलने के लिए जानबूझकर कई वोटों को अमान्य घोषित किया गया। 2016 के राज्यसभा चुनाव विवाद से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भी वैसा ही पैटर्न देखने को मिला है।

# चंडीगढ़ में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर 'आपदा मित्र' को लेकर सवाल, प्रेम पाल चौहान का प्रशासन पर तंज

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 मार्च। शहर में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।



'आपकी आवाज पार्टी' के अध्यक्ष प्रेम पाल चौहान ने चंडीगढ़ प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए 'आपदा मित्रों' की भूमिका को लेकर तीखा बयान दिया है। चौहान ने कहा कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान जिन 'आपदा मित्रों' को तैयार किया गया था, उन्हें आखिर कब इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पिछले दो दिनों में लगातार गोलियां चलने की घटनाएं और एसएसपी कार्यालय से मात्र 200 फुट की दूरी पर हुए मर्डर ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अगर चंडीगढ़ पुलिस के पास संसाधनों या पहुँच की कमी है, तो उन्हें 'आपदा मित्रों' की मदद लेनी चाहिए। 'अगर प्रशासन आपदा मित्रों को भी शामिल नहीं करना चाहता, तो 'आपकी आवाज पार्टी' के कार्यकर्ता शहर की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार हैं। जहां भी बुलाया जाएगा, हम सहयोग देंगे,' प्रेमपाल चौहान ने कहा। चौहान ने आगे कहा कि इस समय शहर की कानून-व्यवस्था 'ध्वस्त' होती दिखाई दे रही है और प्रशासन को तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता में भरोसा कायम रह सके। आज प्रेमपाल चौहान ने आपकी आवाज पार्टी के सभी पदाधिकारियों को तत्काल मीटिंग में बुलाकर।

चंडीगढ़ की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर राय ली ।

आपकी आवाज पार्टी के सभी सदस्यों का कहना है

कि हम चंडीगढ़ प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर चंडीगढ़ को भयमुक्त बनाने का प्रयास करेंगे । इस दौरान पार्टी महा सचिव वीरेंद्र कुमार सूद एडवोकेट जीवा राज एडवोकेट शुभम चौधरी एडवोकेट अमित कुमार गौतम बलजिंदर कौर ढिल्लो अनोखेलाल शशि कुमार दीपक कुमार इंद्रजीत सिंह शाहनूर चौधरी ने चंडीगढ़ की पुलिस को हर सम्भव समर्थन देने का बचन लिया है।

# एरोसिटी में गुटका साहिब की बेअदबी, अंग मिलने से मचा हड़कंप; पुलिस जांच में जुटी

जीरकपुर, यूटर्न, 18 मार्च। जीरकपुर के एरोसिटी क्षेत्र में मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एयरपोर्ट रोड पर गुटका साहिब के अंग बिखरे हुए पाए गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया और लोगों में भारी रोष देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार एरोसिटी के एच ब्लॉक में सड़क के बीच बनी एक समाधि के पास गुटका साहिब के अंग पड़े मिले। देर शाम सैर के लिए निकले छत गांव के कुछ लोगों ने इन्हें देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीरकपुर थाना प्रभारी सतिंदर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके को घेर लिया गया।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया। आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की तलाश की जा रही है, ताकि इस घटना के पीछे जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाया जा सके। साथ ही, इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सिख संगत मौके पर जुट गई। लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गंभीर हरकत बताया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

> अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें काम कर रही हैं।
>
> — हरमनदीप सिंह हंस, एसएसपी मोहाली

# हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन पांच विधेयक पारित किए गए

हरियाणा/ यूटर्न/ 18 मार्च। हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन चर्चा के बाद पांच महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2026, हरियाणा पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2026, हरियाणा राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2026, हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2026 और हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2026 शामिल हैं। इनमें से हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2026 के तहत वित्त वर्ष 2026-27 (जो 31 मार्च 2027 को समाप्त होगा) के दौरान राज्य की संचित निधि से



2,79,602 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के व्यय को अधिकृत किया गया है। वहीं हरियाणा पुलिस अधिनियम, 2007 में संशोधन के लिए पारित विधेयक का उद्देश्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है। वर्तमान में अधिनियम की धारा 65 और 68-ग में कुछ महत्वपूर्ण स्थितियों—जैसे कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 193 के तहत दर्ज मामलों—के संबंध में स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय और राज्य आयोगों के समक्ष लंबित मामलों तथा पुलिस कर्मियों के खिलाफ गंभीर कदाचार की जांच में भी स्पष्ट दिशा-निदेर्शों की कमी थी। साथ ही, राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण द्वारा शिकायतों के निपटान के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं थी। इन्हीं कमियों को दूर करने के लिए संशोधन के माध्यम से नए प्रावधान जोड़े गए हैं, ताकि राज्य और जिला स्तर पर पुलिस शिकायत प्राधिकरण का संचालन अधिक पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध हो सके।

4th Year Anniversary
RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 65 | THURSDAY 19-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# चंडीगढ़ में 24 घंटे में 3 गोलीकांड: सेक्टर-9 में प्रॉपर्टी डीलर चरनप्रीत की दिनदहाड़े हत्या, गैंगवार का शक गहराया



## जिम से लौटते वक्त घेरकर बरसाईं गोलियां










अजीत झा
चंडीगढ़, यूटर्न, 18 मार्च। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में महज 24 घंटे के भीतर तीन गोलीकांड की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला सेक्टर-9 का है, जहां सेक्टर 9 पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार हमलावरों ने मोहाली निवासी प्रॉपर्टी डीलर चरनप्रीत सिंह की दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर हत्या कर दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चरनप्रीत सिंह जिम से अपनी कार में घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार हमलावरों ने उसका पीछा किया और सेक्टर-9 स्थित पेट्रोल पंप के पास उसे घेर लिया। हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 10 से 12 राउंड फायरिंग की गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए।

## इलाके में दहशत, पुलिस ने किया सील

*दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।*

## गैंगवार का एंगल: बंबीहा ग्रुप का दावा वायरल

हत्याकांड के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें बंबीहा ग्रुप से जुड़े गैंगस्टर लक्की पाटियाल ने हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। पोस्ट में मृतक को विरोधी गुट का 'खबरी' बताया गया है, जिससे गैंगवार का एंगल और मजबूत हो गया है। हालांकि, पुलिस ने इस दावे की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और इसकी जांच की जा रही है।

## पुलिस जोड़ रही कड़ियां, जांच तेज

सूत्रों के अनुसार, पुलिस सेक्टर-9 हत्याकांड को पंजाब यूनिवर्सिटी फायरिंग से जोड़कर भी देख रही है। शहर में नाकाबंदी बढ़ा दी गई है और संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और क्राइम नेटवर्क के आधार पर आरोपियों तक जल्द पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## २४ घंटे में ३ फायरिंग से दहला शहर

चंडीगढ़ में बीते 24 घंटे के भीतर तीन अलग-अलग गोलीकांड सामने आए हैं—

- पंजाब यूनिवर्सिटी में मंगलवार शाम करीब 5 बजे सोपू एक्टिविस्ट जशन सिंह पर फायरिंग की गई, जिसमें वह बाल-बाल बच गया।
- सेक्टर 23 में हरियाणा सरकार के कर्मचारी तारा चंद की सर्विस पिस्टल साफ करते समय गोली लगने से मौत हो गई।
- और बुधवार को सेक्टर-9 में प्रॉपर्टी डीलर चरनप्रीत सिंह की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई।




# गांव जंडी में किसान की बेरहमी से हत्या, इलाके में फैली सनसनी



-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/18/मार्च। जगरांव के नजदीकी गांव जंडी में बीती रात एक किसान की उसके घर में ही किसी घातक हथियार से हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान हरजिंदर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो वारदात के समय अपने घर में अकेला सोया हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात कातिल घर के पिछले हिस्से में स्थित खाली प्लॉट की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हुआ और सोते हुए हरजिंदर सिंह के सिर पर किसी भारी और मारू हथियार से वार करके उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दिल दहला देने वाली वारदात का पता उस समय चला जब मृतक की पहली (स्वर्गीय) पत्नी के कनाडा में रहने वाले बेटे, हरकमल सिंह ने अपने पिता का हालचाल जानने के लिए उन्हें फोन किया। बार-बार फोन न उठाए जाने पर हरकमल ने चिंता जताते हुए अपने ताया (मृतक के भाई) जगराज सिंह को सूचित किया। जब जगराज सिंह ने दीवार फांद कर घर के अंदर जाकर देखा तो हरजिंदर सिंह का शव बेड पर पड़ा था और पास ही अलमारी का सामान व कागजात बुरी तरह बिखरे हुए थे, जो किसी गहरी साजिश की ओर इशारा कर रहे थे।

# मोहाली में GMADA फार्महाउस मालिकों पर कराएगा FIR: अवैध निर्माण को लेकर सख्ती, पुलिस विभाग को लिखा लेटर, 12 पर पहले कार्रवाई हुई



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ के आसपास स्थित न्यू चंडीगढ़ और उससे सटे गांवों में अवैध निर्माण को लेकर है। इको-सेंसिटिव जोन और पंजाब लैंड प्रिजर्वेशन एक्ट के तहत आने वाले इन क्षेत्रों में बिना अनुमति निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है, फिर भी कई प्रभावशाली लोगों ने यहां फार्महाउस और मैरिज पैलेस बना लिए हैं, जहां व्यावसायिक गतिविधियां भी चल रही हैं। अब ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (GMADA) ने सख्त रुख अपनाते हुए 42 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए संबंधित थानों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो शिकायत दर्ज कराएंगे। सबसे अधिक अवैध निर्माण गांव करोरा में पाए गए हैं, जहां 15 लोगों को सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा जयंती माजरी (11), मिजार्पुर (4) और सुल्तानपुर, माजरा, पालनपुर, तारापुर (प्रत्येक में 2) के साथ अन्य गांवों में भी मामले सामने आए हैं। इस पूरे मामले पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई भी चल रही है। 2025 में दायर जनहित याचिका के बाद से यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, और आज (बुधवार) को इसकी दोबारा सुनवाई होनी है। GMADA और फॉरेस्ट विभाग पहले ही अपने एफिडेविट दाखिल कर चुके हैं। यह कार्रवाई अवैध निर्माण पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# हरियाणा विधानसभा में राज्यसभा चुनाव पर हंगामा: स्पीकर बोले- ये मुद्दा सदन में नहीं उठाया जा सकता, CM बोले-कांग्रेस विधायक सवालों को लेकर गंभीर नहीं

हरियाणा/यूटर्न/18 मार्च।रियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन की कार्यवाही चल रही है। प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस विधायकों के न आने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी विधायक जनता के सवालों को लेकर गंभीर नहीं हैं।

प्रश्नकाल का समय 11 बजे था, लेकिन वे अभी तक नहीं पहुंचे। इसके बाद स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने प्रश्नकाल की समाप्ति की घोषणा कर दी। इस पर देर से सदन पहुंचे कांग्रेसी विधयकों ने सदन में हंगामा शुरू कर



दिया। राज्यसभा चुनाव को लेकर सीएम सैनी और कांग्रेस के विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। इससे पहले इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) के विधायक अदित्य देवीलाल और अर्जुन चौटाला ने राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पेश रखा। प्रस्ताव में मांग की गई है कि इस विषय पर सदन में चर्चा कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग की और इसके क्या कारण थे। इससे प्रदेश की जनता को भी इस बारे में जानकारी मिल सकेगी। सदन में हंगामा बढ़ा तो, सीएम सैनी ने कहा- ज्यादा जोर का मत बोलिए, हम भी जानते हैं, जोर का बालना।

# सिलेंडर में धमाका, 8 लोग झुलसे: कुरुक्षेत्र में खाना बनाते हुए आग लगी, दरवाजा उखड़कर दूर गिरा, पड़ोसियों के भी घर हिले

हरियाणा/यूटर्न/18 मार्च। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बुधवार सुबह एक घर में गैस सिलेंडर में अचानक धमाके के साथ आग लग गई। शाहाबाद के यारा गांव में हुए इस हादसे में तीन बच्चों समेत परिवार के 8 सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें पड़ोसियों ने तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। एक युवक को गंभीर हालत में चंडीगढ़ ढ्ढक्करेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सिलेंडर में धमाका इतना जोरदार था कि रसोई की टाइलें टूट गई, घर की दीवारों में दरारें आ गई और दरवाजा उखड़कर



दूर जा गिरा। धमाके की वजह से आसपास के घरों में भी कंपन महसूस हुई। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे यारा गांव में गीता देवी अपनी रसोई में गैस पर खाना बना रही थीं। तभी अचानक सिलेंडर में धमाके के साथ आग लग गई। गैस लीक होने से पूरा घर आग की चपेट में आ गया, जिससे घर में सो रहे लोग भी झुलस गए। आग लगने से घर में चीख-पुकार मच गई और धमाके की वजह से आसपास के घर भी हिल गए। इस हादसे में गीता देवी (52), उनके पति रुपेंद्र कुमार (55), बेटा कर्ण (26), पुत्रवधू कोमल (24), पोती वैष्णवी (4), सास चरणों देवी (80) और भतीजा बांका झुलस गए। कर्ण शाहाबाद के प्राइवेट अस्पताल में सफाई कर्मी है।

आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे और 112 पर कॉल करके फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। जांच में पता चला कि सिलेंडर में लगी पिन प्रेशर की वजह से अचानक निकल गई थी, जिससे सिलेंडर में धमाका हो गया। गैस फैलने से आग भड़क गई। फिलहाल, घटना की जांच की जा रही है।

# कैथल में दो बाइकों की टक्कर, व्यक्ति की मौत: सिरटा रोड पर हादसा, राइडर फरार; राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

हरियाणा/यूटर्न/18 मार्च। कैथल में बाइक की टक्कर से करीब 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिरटा से कैथल आ रहा था। रजबाहे के पास उसे एक अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल राइडर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सिरटा रोड वार्ड नंबर 31 पट्टी अफगान कैथल के रघबीर ने शहर थाना में दी शिकायत में बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। अपने खेत के काम से वह घर से बाहर गया था और रजबाहे की पटरी पर खड़ा था। उस समय सिरटा गांव की तरफ से एक




बाइक सवार व्यक्ति आ रहा था। उसके पीछे पीछे दूसरी बाइक पर एक व्यक्ति तेजगति व लापरवाही से बाइक को चलाते हुए आया और सामने जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार व्यक्ति अपने वाहन समेत सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आई। पूछने पर घायल व्यक्ति ने अपना नाम जयपाल बताया, जो गांव कैलरम का रहने वाला था। आरोपी बाइक राइडर मौके से भाग गया। वह जयपाल को अस्पताल में लेकर गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोपी बाइक राइडर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शहर थाना एसएचओ गीता ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# रेवाड़ी में कोर्ट गेट पर ताला लगाकर सुर्खियों में आए सतबीर यादव ने प्रैस कॉन्फ्रेंस कर मुद्दा उठाया, बार चुनाव, वर्क सस्पेंड, कोर्ट पार्किंग तथा लिटिगेंट हॉल के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज उठाई।




हरियाणा/यूटर्न/18 मार्च। रेवाड़ी में कोर्ट गेट पर ताला लगाकर सुर्खियों में आए नयागांव दौलतपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सतबीर यादव ने प्रेस वार्ता कर आवाज उठाई। सतबीर यादव ने बार चुनाव, वर्क सस्पेंड, कोर्ट में पार्किंग एवं लिटिगेंट हॉल का वकीलों द्वारा प्रयोग किए जाने आदि मुद्दों पर एतराज जताया है। सतबीर यादव ने कहा कि वकीलों के बार चुनाव नहीं होने चाहिए क्योंकि इससे वकील मनमानी करते हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। सतबीर यादव ने कहा कि वे तीस वर्षों से सामाजिक मुद्दों की लड़ाई लड़ रहे हैं। वकीलों द्वारा शनिवार को वर्क सस्पेंड करना भी गलत है इससे फरियादियों को न्याय मिलने में परेशानी होती है। इसके अलावा रेवाड़ी कोर्ट में पार्किंग का पैसा प्रशासन की बजाय बार एसोसिएशन ले रही है जोकि गलत है। कोर्ट में क्लाइंटों के लिए बनाए गए लिटीगेंट हॉल पर वकील कब्जा जमाए बैठे हैं

# कलाकारों पर लाखों खर्च, मजदूरों को दरकिनार: डेराबस्सी में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना



डेराबस्सी/यूटर्न/18 मार्च। डेराबस्सी स्थित श्री सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल एवं कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ कथित मजदूर विरोधी नीतियों और कर्मचारियों की बर्खास्तगी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बुधवार को ह्यशिक्षा संस्थान वर्कर यूनियन (एटक)ह्व के नेतृत्व में स्कूल गेट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कर्मचारियों के समर्थन में आवाज उठाई। धरने को संबोधित करते हुए एटक पंजाब के उपप्रधान विनोद चुघ ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन के पास वार्षिक समारोह में पंजाबी गायक रंजीत बावा को बुलाने और लाखों रुपये खर्च करने के लिए धन है, लेकिन वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों के लिए कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों को गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से निकालकर उनके हक छीने जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान मजदूर अपने परिवारों और बच्चों के साथ पहुंचे। बच्चों के हाथों में 'हमारे पापा को रोजगार दो' और 'हमारा भविष्य बर्बाद मत करो' जैसे संदेश लिखी तख्तियां थीं, जो उनकी पीड़ा को बयां कर रही थीं। यूनियन नेताओं ने बताया कि 15 स्थायी कर्मचारियों को हटाकर ठेका कर्मचारियों की भर्ती करना 'औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947ह्व की धारा 25-T और 25-व का उल्लंघन है। इसके अलावा वर्ष 2013 के समझौते के तहत कर्मचारियों के बच्चों को दी जा रही मुफ्त शिक्षा सुविधा से भी प्रबंधन पीछे हट रहा है। धरने के दौरान पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस से मुलाकात न होने पर भी रोष जताया गया। इस मौके पर विभिन्न किसान, मजदूर और कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने एकजुट होकर चेतावनी दी कि यदि बर्खास्त कर्मचारियों को जल्द बहाल नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III गुरूवार, 19 मार्च 2026



पेज 12 सुरक्षा प्रमुख की मौत के बाद ईरान ने क्लस्टर वॉरहेड...

# चंडीगढ़ में 'पैनिक बाइंग' का असर: पर्याप्त सप्लाई के बावजूद LPG सिलेंडर की बुकिंग डेढ़ गुना बढ़ी






चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। शहर में घरेलू एलपीजी को लेकर अनावश्यक दहशत का माहौल बन गया है। प्रशासन का दावा है कि गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है, फिर भी लोगों द्वारा घबराहट में की जा रही खरीदारी के चलते बुकिंग में करीब डेढ़ गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## सप्लाई पूरी, फिर भी बढ़ी मांग

प्रशासन के अनुसार, शहर में रोजाना लगभग 9 हजार घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती है और फिलहाल इतनी ही सप्लाई उपलब्ध है। इसके बावजूद 'पैनिक बाइंग' के कारण मांग अचानक बढ़ गई है, जिससे वितरण प्रणाली पर दबाव बना है।

## कमर्शियल सिलेंडर की कमी, बाजार प्रभावित

जहां घरेलू उपभोक्ताओं के लिए स्थिति सामान्य बताई जा रही है, वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति केवल 20% तक सीमित होने से बाजार पर असर पड़ा है।

- कई रेस्टोरेंट्स ने अपने मेन्यू में कटौती कर दी है
- स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को काम बंद करना पड़ा
- ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं

## प्रशासन की सफाई: घबराने की जरूरत नहीं

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की सचिव अनुराधा चगती ने स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि तेल कंपनियों ने पर्याप्त स्टॉक होने का भरोसा दिया है और दैनिक जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है।

## कड़ी निगरानी, कालाबाजारी पर कार्रवाई

प्रशासन ने बाजार पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षकों को घरेलू सिलेंडर के दुरुपयोग, ओवरचार्जिंग और जमाखोरी पर कार्रवाई करने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और कालाबाजारी निवारण अधिनियम, 1980 के तहत सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## PNG को बढ़ावा, लोगों को किया जाएगा जागरूक

एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए प्रशासन पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) को बढ़ावा दे रहा है। शहर के कई सेक्टरों में PNG उपलब्ध है, जिसे सुरक्षित और किफायती विकल्प बताया गया है। जल्द ही लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा।

## ईंधन सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचने की अपील

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक खरीद से बचें।

# पंजाब-चंडीगढ़ में बारिश-ओले गिरने की चेतावनी: 3 दिन खराब रहेगा मौसम, तेज हवाएं चलेंगी, 4.7℃ बढ़ा तापमान



चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। पंजाब और चंडीगढ़ में हाल ही में मौसम में तेज बदलाव देखने को मिला है। दो दिन पहले हुई बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण तापमान गिरने से ठंड बढ़ गई थी, लेकिन सोमवार को मौसम साफ होने के बाद दिन के तापमान में 4.7 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे तापमान फिर सामान्य के करीब पहुंच गया। आज मौसम विभाग ने मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला के लिए अगले कुछ घंटों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब के 7 जिलों—पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर, गुरदासपुर, अमृतसर, नवांशहर और मोहाली—में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हो रहा है, साथ ही हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में हवा का चक्रवाती घुमाव भी बना हुआ है। तापमान की बात करें तो कई शहरों में पारा 25 से 30 डिग्री के बीच पहुंच गया है। आने वाले दिनों में मौसम और ज्यादा बदलने वाला है। 19 मार्च से अगले तीन दिनों तक कुछ जगहों पर तेज हवाएं चलेंगी, बारिश होगी और ओलावृष्टि की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पहले तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी, फिर 5 - 7 डिग्री की गिरावट और उसके बाद दोबारा बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

# चंडीगढ़ में भीषण अग्निकांड: सेक्टर-22C के शोरूम में लगी आग, 3 घंटे बाद भी नहीं पाया गया काबू

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। सिटी ब्यूटीफुल में बुधवार को बड़ा अग्निकांड सामने आया, जहां सेक्टर 22C स्थित मोबाइल मार्किट के एक शोरूम में लगी भीषण आग ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। दोपहर करीब 1 बजे 1025 फर्स्ट फ्लोर पर स्थित J and T शोरूम में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।









## कोई जनहानि नहीं, प्रशासन अलर्ट

राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और एहतियातन आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया है।

## आग के कारणों की जांच शुरू

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट की जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। यह अग्निकांड शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्र में हुआ है, जिससे बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा। वहीं इस आगजनी की घटना में दमकल विभाग को स्पॉट पर पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा भारी मात्रा में टू व्हीलर और गाड़ियों को वहां मौजूद मोबाइल मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से हटाया गया ताकि दमकल विभाग की गाड़ियों को घटनास्थल पर पहुंचने में समस्या का सामना ना करना पड़े इतनी ही नहीं दमकल विभाग की गाड़ियों में पानी की कमी होने के कारण नगर निगम के पानी के टैंकर मंगवाकर पानी की आपूर्ति को पूरा किया गया।

## देखते ही देखते फैली आग, मची अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरे फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के दुकानदारों और लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को तुरंत बाहर निकाला गया। दमकल की 10-12 गाड़ियां मौके पर, 3 घंटे बाद भी जंग जारी घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की 10 से 12 गाड़ियां लगातार जुटी हुई हैं। हालांकि, आग की तीव्रता इतनी ज्यादा है कि 3 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इसे पूरी तरह काबू में नहीं किया जा सका है। दमकल कर्मी लगातार मशक्कत कर रहे हैं।

## फ्लाईओवर के नीचे झुग्गियों में रहने वाली 4 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, आरोपी की तलाश जारी

जीरकपुर, यूटर्न, 18 मार्च। जीरकपुर में फ्लाईओवर के नीचे झुग्गियों में रहने वाले एक प्रवासी परिवार की 4 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 5 बजे बच्ची अचानक लापता हो गई। परिजनों ने तुरंत उसकी तलाश शुरू की। करीब सवा घंटे बाद बच्ची संदिग्ध हालत में मिली, जिसके शरीर से खून बह रहा था। परिजन उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले गए। बच्ची की हालत को देखते हुए परिजनों ने उसके साथ दुष्कर्म की आशंका जताते हुए पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई जसवंत सिंह ने बताया कि बच्ची का मेडिकल परीक्षण अभी होना बाकी है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्र से पहले चंडीगढ़ में श्रद्धा की लहर, बाजारों में उमड़ी भीड़; पूजन सामग्री का कारोबार 60 लाख पार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। चैत्र नवरात्र की शुरूआत से पहले ही शहर में धार्मिक माहौल पूरी तरह बन चुका है। 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। श्रद्धालु पूजा की तैयारियों में जुट गए हैं और पूजन सामग्री की खरीदारी ने कारोबार को नई रफ्तार दे दी है।



### बाजारों में उमड़ी भीड़, लाखों का कारोबार

सेक्टर 17 मार्केट, सेक्टर 22 मार्केट, सेक्टर 26 मार्केट और मनीमाजरा मार्केट सहित प्रमुख बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। अब तक चुनरी, नारियल, कलश और अन्य पूजन सामग्री में 40 से 60 लाख रुपये तक का कारोबार हो चुका है।

### रेडीमेड पूजा किट की बढ़ी मांग

इस बार बाजारों में रेडीमेड पूजा किट लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। एक ही पैकेट में पूरी सामग्री मिलने से खरीदारी आसान हो गई है। इसके अलावा कढ़ाईदार चुनरी, गोटा-पट्टी डिजाइन और सजावटी कलश की मांग भी तेजी से बढ़ी है।



### पालकी पर आगमन, हाथी पर विदाई

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस बार माता रानी पालकी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आएंगी और हाथी पर विदा होंगी, जिसे सुख-समृद्धि का संकेत माना जाता है। खेड़ा शिव मंदिर के पुजारी आचार्य ईश्वर चंद्र शास्त्री के अनुसार, यह समय विशेष रूप से शुभ फलदायी रहेगा।

### 19 मार्च से 9 दिनों का उत्सव

नवरात्र 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक मनाए जाएंगे। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। श्रद्धालु घट स्थापना, अखंड ज्योत और विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

### पूजन के लिए शुभ मुहूर्त

- घट स्थापना: सुबह 6:53 से 8:15 बजे
- अमृतकाल: 7:57 से 9:28 बजे
- अभिजीत मुहूर्त: 11:50 से 12:40 बजे

### प्रशासन भी अलर्ट

त्योहार को देखते हुए बाजारों में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए प्रशासन भी सक्रिय हो गया है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### युद्ध ने हमें क्या अच्छा सिखा दिया?

आज के समय दुनिया भर में बने युद्ध के माहौल के बीच एलपीजी गैस की कमी ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमारी दुनिया में ऊर्जा के कई अन्य साधन भी उपलब्ध हैं। जब अचानक गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होती है, तब आम लोगों को रसोई चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में लोग वैकल्पिक ईंधनों की ओर ध्यान देने लगते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लकड़ी, उपले और बायोगैस का उपयोग किया जाता है। बायोगैस एक सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है, जो गोबर और जैविक कचरे से तैयार होता है। इसके अलावा, सौर ऊर्जा भी एक महत्वपूर्ण साधन बनकर उभर रही है। सोलर कुकर और सोलर हीटर के माध्यम से बिना किसी प्रदूषण के भोजन पकाया जा सकता है। शहरी क्षेत्रों में भी अब लोग इंडक्शन चूल्हों और बिजली से चलने वाले उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं। इससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सकती है। इसके साथ ही, सरकार भी स्वच्छ ऊर्जा को कार्य में लाने के लिए लोगों को बढ़ावा दे रही है ताकि इस विकट स्थिति में गैस और पर्यावरण दोनों की रक्षा की जा सके। इस प्रकार, एलपीजी गैस की कमी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमें केवल एक ही साधन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। यह युद्ध हमें कम से कम यह तो समझा रहा है कि हमें LPG के अलावा अन्य ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनना होगा और भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Sale Deed क्या होती है और यह सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज क्यों है?**

संपत्ति के लेन-देन में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है Sale Deed यही वह कानूनी दस्तावेज है जिसके माध्यम से संपत्ति का स्वामित्व एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को वैधानिक रूप से स्थानांतरित होता है।

Sale Deed में संपत्ति का पूरा विवरण, विक्रेता (Seller) और खरीदार (Buyer) की जानकारी, बिक्री मूल्य, भुगतान की शर्तें और संपत्ति से जुड़े अधिकार स्पष्ट रूप से दर्ज होते हैं। जब यह दस्तावेज विधिक रूप से पंजीकृत (registered) हो जाता है, तभी स्वामित्व का हस्तांतरण मान्य माना जाता है।

Sale Deed से पहले अक्सर Agreement to Sell बनाया जाता है, लेकिन वह केवल भविष्य में बिक्री का वादा होता है। वास्तविक स्वामित्व परिवर्तन Sale Deed के पंजीकरण के बाद ही होता है।

Sale Deed में यह भी लिखा होता है कि संपत्ति किसी विवाद, ऋण या अन्य दावे से मुक्त है। इसलिए खरीदार के लिए यह दस्तावेज सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है।

निष्कर्ष : Sale Deed संपत्ति स्वामित्व का अंतिम और निर्णायक दस्तावेज है। जब तक Sale Deed पंजीकृत न हो, तब तक संपत्ति का कानूनी हस्तांतरण पूरा नहीं माना जाता।

# डेराबस्सी में सांझा इफ्तार, एक ही दस्तरखान पर दिखा भाईचारे का रंग

डेराबस्सी, यूटर्न, 18 मार्च। रमजान के पवित्र माह में डेराबस्सी की मीरा माली मार्केट में उस समय भाईचारे और एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब स्थानीय दुकानदारों ने सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया। इस मौके पर हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदाय के लोग एक ही दस्तरखान पर बैठकर रोजा इफ्तार करते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान सभी धर्मों के लोगों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया। मुस्लिम भाइयों ने हिंदू और सिख भाइयों को गले लगाकर इफ्तार की मुबारकबाद दी, जिससे माहौल पूरी तरह भाईचारे के रंग में रंगा नजर आया। दुकानदारों ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं और विभिन्न समुदायों के बीच दूरी को कम करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है, जिसे इस इफ्तार के माध्यम से साकार करने का प्रयास किया गया है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और डेराबस्सी में गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर पेश करते हैं।



## विधायक डॉ अजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 47 श्रद्धालु बस से किए रवाना

पंजाब/ यूटर्न/18 मार्च। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 47 श्रद्धालुओं के जत्थे को बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह श्रद्धालु श्री आनंदपुर साहिब और माता नैना देवी मंदिर के दर्शन के लिए जाएंगे इस अवसर पर डॉ गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को उनके धार्मिक विरसे से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने धार्मिक मूल्यों और विरासत से जुड़ा रहता है, वह हमेशा प्रगति करता है। साथ ही सरकार राज्य में विकास कार्यों के साथ-साथ लोगों को विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध करा रही है।उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत श्रद्धालुओं को तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए मुफ्त सुविधाएं दी जा रही हैं, जिससे आम लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। आज केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से 47 श्रद्धालुओं को इसी योजना के अंतर्गत रवाना किया गया है। विधायक ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि वे धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक होकर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस योजना के तहत ऐसे जत्थों को लगातार रवाना किया जाता रहेगा।



# लुधियाना में फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी का खेल: ऐप डाउनलोड कराया, फ्री में अलग-अलग चैनल देखने का दिया झांसा, रुपए हड़पे




पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। लुधियाना में शहर में फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े के खेल में लोग फंस रहे है। आरोपियों ने लोगों को 'फ्री में अलग-अलग चैनल देखने' का झांसा देकर Vedu-App डाउनलोड करवाया और फिर उनसे धोखाधड़ी की। पीड़ित हरमिंदर सिंह निवासी वार्ड नंबर 50, नजदीक बस स्टैंड, लाजपत नगर, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने अलग-अलग फर्जी वेबसाइट्स बनाकर लोगों को गुमराह किया। इन वेबसाइट्स के जरिए उन्हें बिना सब्सक्रिप्शन फ्री चैनल देखने का लालच दिया जाता था। जांच में सामने आया कि आरोपी Vedu-App डाउनलोड करवाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे और इसके बाद ठगी को अंजाम देते थे। यह मामला पीजीडी नंबर 579673/580105, 22 अप्रैल 2025 की जांच के बाद दर्ज किया गया। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों की पहचान की है। आरोपियों की पहचान अमन कुमार साहू, अविनाश, स्नेहा शुक्ला और अविनाश सिंह के रूप में हुई है। थाना डिविजन नंबर 5 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ BNS की धारा 61(2) और आईटी एक्ट की धारा 66-C, 66-D के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही लोगों को भी सतर्क रहने और किसी भी अनजान लिंक या ऐप को डाउनलोड न करने की सलाह दी गई है।

# दुकानदारों ने रंगे हाथों पकड़ा चोर, 30 हजार की बिजली तार चोरी हो चुकी



लुधियाना/यूटर्न/18 मार्च। थाना टिब्बा क्षेत्र में बुधवार को दुकानदारों ने चोरी करने के इरादे से आए एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। यह घटना टिब्बा के पास स्थित एक मार्केट में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही चोरी की वारदातों से दुकानदार परेशान थे। दुकानदार पंकज ने बताया कि 11 तारीख को उनकी दुकान से लगभग 30 हजार रुपए मूल्य की बिजली की तार चोरी हो गई थीं। इस घटना के बाद से ही आसपास के दुकानदार सतर्क हो गए थे और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रहे थे। पंकज के अनुसार, आरोपी कई दिनों से उनकी निगरानी में था। बुधवार की सुबह आरोपी फिर से चोरी की नीयत से मार्केट के आसपास घूमता दिखाई दिया। इसके बाद दुकानदारों ने आपसी सहयोग से जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान टिब्बा रोड निवासी मनीष के रूप में हुई है। दुकानदारों ने आरोपी को मौके पर ही काबू में रखा और उससे पूछताछ भी की। हालांकि, इस मामले में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। थाना टिब्बा के ड्यूटी अफसर एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को इस संबंध में फिलहाल कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लुधियाना में घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़: चाकू दिखाकर कपड़े उतरवाने की कोशिश, विरोध करने पर मारपीट की, आरोपी फरार



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। लुधियाना में थाना दुगरी क्षेत्र में घर में घुसकर एक आरोपी ने नाबालिग लड़की को डराने-धमकाने के बाद उसके साथ मारपीट की गई और कपड़े उतरवाने की कोशिश की। घटना के वक्त घर में सिर्फ दो मासूम बच्चे मौजूद थे। पीड़ित पिता के अनुसार, शाम करीब 4:30 बजे जब वह घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। अंदर जाकर देखा तो उनकी 13 वर्षीय बेटी और 3 साल का बेटा सहमे हुए थे। बेटी के मुंह से खून निकल रहा था। बेटी ने बताया कि एक युवक कमरे में घुस आया था और उसने चाकू दिखाकर उसे पेंट उतारने के लिए कहा। जब उसने मना किया तो आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। इसी दौरान लड़की ने आरोपी को कहा कि उसके पिता आने वाले हैं, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान मोहम्मद कलाम पुत्र अरमान, निवासी गली नंबर 10, थाना दुगरी क्षेत्र के रूप में की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी पर पुलिस ने 12 पोस्को एक्ट 115 (2), 351(2) 351(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं, पीड़ित परिवार ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# चोरों ने पहले माथा टेका, फिर तोड़े स्कूल के ताले: लुधियाना में दीवार फांदकर घुसे, कैश, टेबलेट और कीमती सामान चुराकर भागे



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। लुधियाना के थाना डेहलों अंतर्गत गांव नंगल में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहां स्थित पैरागोन इंटरनेशनल स्कूल को चोरों ने अपना निशाना बनाया। रात के अंधेरे में दीवार फांदकर घुसे 4 अज्ञात युवकों ने स्कूल के कमरों के ताले तोड़े और कीमती सामान चुराकर फरार हो गए। स्कूल में तैनात प्राइवेट टीचर मनपाल सिंह निवासी किला रायपुर ने पुलिस को बताया कि, यह वारदात 13 मार्च की तड़के करीब 3:05 बजे हुई। स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में साफ दिख रहा है कि 4 अज्ञात नौजवान दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने स्कूल में प्रवेश करते हुए पहले माथा टेका और कमरों के ताले तोड़कर अंदर रखे सामान को खंगाला और दराज में रखा कैश, 2 लेनोवो टेबलेट, ब्लूटूथ स्पीकर और कॉलर माइक, बच्चों के लिए रखे गए गिफ्ट्स चोरी कर ले गए। टीचर मनपाल सिंह के बयानों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ इठर की धारा 305, 331(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

# लुधियाना में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइन: आपस में उलझे उपभोक्ता, पुलिस बुलानी पड़ी, खाद्य विभाग की 20 एजेंसियों पर छापेमारी



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। लुधियाना में छढक्क्रौस की किल्लत और उससे जुड़े हालात को दशार्ती है, जो कथित रूप से अंतरराष्ट्रीय तनाव—खासकर अमेरिका, इजराइल और ईरान—के कारण प्रभावित हो रहे हैं। शहर में LPG की सप्लाई बाधित होने से गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं और कई जगह झगड़े की स्थिति बन गई, जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। सप्लाई में लगभग एक हफ्ते तक की देरी हो रही है, जिससे लोगों में घबराहट बढ़ रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने ओवरचार्जिंग, जमाखोरी और घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल के खिलाफ जांच अभियान शुरू किया है। 75 में से 20 एजेंसियों की जांच हो चुकी है, जिनमें 2 एजेंसियां गैरकार्यरत पाई गई। सरकार ने कमर्शियल छढक्क्रसप्लाई लगभग रोक दी है और अस्पतालों व शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन लोग फिर भी सिलेंडर जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों से घबराने से बचने और जमाखोरी न करने की अपील की है। साथ ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कुल मिलाकर, यह स्थिति सप्लाई बाधा, अफवाहों और बढ़ती मांग के कारण उत्पन्न अस्थायी संकट को दशार्ती है।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 7 भगोड़े/घोषित अपराधी गिरफ्तार, दो वारंट भी किए तामील





चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस ने भगोड़ों और घोषित अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशों में, डीएसपी डीसीसी विजय सिंह की निगरानी और इंस्पेक्टर राम रतन के नेतृत्व में पीओ एवं समन स्टाफ द्वारा की गई।

### 3 स्टेट केस के PO गिरफ्तार

पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में घोषित अपराधियों को दबोचा—

- हरप्रीत सिंह उर्फ राजू (मलoya थाना केस)
- मूलचंद उर्फ सन्नी (सेक्टर-31 थाना केस)
- सलमान (सेक्टर-36 थाना केस)

इन सभी को संबंधित अदालतों में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### NI एक्ट के 2 मामलों में भी गिरफ्तारी

चेक बाउंस (धारा 138 NI एक्ट) के तहत दो घोषित अपराधियों

- विक्की (नया गांव, मोहाली)
- अखिलेश (इज्जतनगर)

को गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक आरोपी को जमानत मिल गई, जबकि दूसरे को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 2 कंडीशनल वारंट भी किए तामील

पुलिस ने दो मामलों में कंडीशनल वारंट भी सफलतापूर्वक तामील किए—

- नितिन गुप्ता को सेक्टर-43 ISBT के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसे कोर्ट से जमानत मिल गई।
- राजिंदर कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां शिकायतकर्ता द्वारा मामला वापस लेने पर केस खत्म कर दिया गया।

### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शहर में फरार अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून से बचने वाले आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## तख्त श्री दमदमा साहिब व सरदूलगढ़ को रेल संपर्क से जोड़ने की मांग तेज

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/18 मार्च। शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं सांसद हरसिमरत कौर बादल ने संसद में बठिंडा संसदीय क्षेत्र से जुड़े कई अहम रेल मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग और रेल मंत्रालय से संपर्क के बावजूद अभी तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जो चिंता का विषय है। सांसद ने तख्त श्री दमदमा साहिब को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग दोहराते हुए कहा कि मात्र 10 किलोमीटर रेल लाइन बिछाकर इस पवित्र स्थल को देशभर से जोड़ा जा सकता है। इससे श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने सरदूलगढ़ को भी रेल संपर्क से जोड़ने की मांग उठाई, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिल सके।



हरसिमरत कौर बादल ने फिरोजपुर से हजूर साहिब तक वंदे भारत ट्रेन चलाने, अकाल तख्त साहिब और गुरुमुखी एक्सप्रेस का राजपुरा में ठहराव देने की भी मांग की। उन्होंने मानसा रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं, माल गोदाम के स्थानांतरण और विभिन्न स्थानों पर अंडरब्रिज निर्माण की जरूरत भी उठाई। सांसद ने कोविड-19 के दौरान बंद रेलगाड़ियों को बहाल करने और बठिंडा-मानसा रेल लाइन के अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने की मांग भी प्रमुखता से रखी।

## स्पीकर ने सिविल सेवाओं की परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को पंजाब विधानसभा में किया सम्मानित



चंडीगढ़/ यूटर्न/18 मार्च। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने सिविल सेवाओं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पंजाब विधानसभा में सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों की मेहनत, समर्पण और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि ये युवा देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता दूसरों के लिए प्रेरणा है। समारोह में अमन अलूण, रसनीत कौर, मनप्रीत कौर, जयंत गर्ग और कृतिका चौधरी को सम्मानित किया गया। स्पीकर ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा पास करना बड़ी उपलब्धि है, जिसके लिए अनुशासन और दृढ़ संकल्प जरूरी है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ जनता की सेवा करने की सलाह दी। साथ ही कहा कि कलम और पद की शक्ति का उपयोग जनकल्याण के लिए होना चाहिए। इस अवसर पर प्रताप सिंह बाजवा समेत कई नेता भी मौजूद रहे।

## नव दुर्गा दस महाविद्या सरकार ट्रस्ट का 16वां भव्य वार्षिक जागरण सम्पन्न



लुधियाना/यूटर्न/18 मार्च। प्राचीन गौशाला, डिवीजन नंबर 3 के निकट नव दुर्गा दस महाविद्या सरकार ट्रस्ट द्वारा 16वां वार्षिक जागरण श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर स्वामी सागर नाथ जी महाराज एवं माता पुष्पा शर्मा जी के सानिध्य में मां भगवती का भव्य दरबार सजाया गया, जहां भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण में शहर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिनमें मुख्य रूप में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, श्री सिद्धि विनायक मंदिर के प्रधान रविनंदन शर्मा ,कैशियर चंद्रशेखर शर्मा, सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के उपप्रधान अनुज मदान, समाज सेवक कीमती लाल जैन, जागरित सिंह चौहान, निगम लीगल एडवाइजर गौरव बग्गा, पूर्व विधायक सुरिंदर डावर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर शाम सुंदर मल्होत्रा, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, समाज सेवक प्रदीप वर्मा, अंतराष्ट्रीय एंटी टेररिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड, पूर्व जिला महिला प्रधान लीना टपारिया, शिवसेना नेता राजीव टंडन, हिन्दु न्याय पीठ अध्यक्ष प्रवीण डंग, भूपिंदर बंगा, पार्षद पति विपन विनायक, पार्षद पल्ल्वी विनायक, साहिल खुराना, दीपक नारंग, शिवसेना नेता मनप्रीत मनी, संदीप वर्मा सोनू, इंद्र शर्मा आदि ने मां भगवती के दरबार में नतमस्तक होकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## सेक्टर-41 दुर्गा मंदिर में भक्ति भाव से श्री राम कथा का शुभारंभ

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 मार्च। सेक्टर-41अ स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आज श्री राम कथा का शुभारंभ पूरे भक्ति और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। कथा के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जिससे परिसर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बन गया। कथा वाचन स्वामी बालयोगी जी महाराज (अयोध्या) द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और मयार्दा का सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में वर्णन किया। उनके प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और सभी ने ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। कथा के अंत में आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शिव पार्वती मंडल की पूजा उप्पल और उनकी टीम भी उपस्थित रही और उन्होंने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों के अनुसार, पहले ही दिन उमड़ी भीड़ से यह स्पष्ट है कि श्रद्धालुओं में कथा को लेकर विशेष उत्साह है। आने वाले दिनों में भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।



## स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध पानी व वातावरण हर नागरिक का मौलिक अधिकार - विधायक बग्गा



लुधियाना/यूटर्न/18 मार्च। विधानसभा उतरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड-91 स्थित न्यू दीप नगर में पार्कों को सौंदर्यकरण व वार्ड-87 स्थित विजय नगर नए टयूब्वैल के कार्य का उदघाटन किया। 10.30 लाख की लागत से होने वाले नए टयूब्वैल के निर्माण से क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

Uturn Time 19 Mar 2026_Layout 2 18-03-2026 22:47 Page 9



# अंग्रजों के समय व्यापार का केंद्र जेजों दोआबा बना खंडहर

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न, 18 मार्च। प्रत्येक क्षेत्र में ऐसा कोई न कोई गांव, शहर या कस्बा है जिसने इतिहास में अलग ही पहचान बना रखी है। बेशक किसी भी कारण उसकी पहचान को अनदेखा किया जाता होगा फिर भी कहीं न कहीं उसकी पहचान अपने आप प्रत्यश्व रूप में समक्ष आ ही जाती है। ऐसे ही जिला होशियारपुर के गांव नेजों दोआबा की मौजूदा समय बेशक पहचान धुंधली सी होकर रह गई है।

गांव जेजों दोआबा अंग्रेजों के शासन से पहले किसी राजा की रियासत होती थी और उन दिनों राजपूत घराने का शासक देवा सिंह वा अंग्रेज शासन के विस्तार के समय हुई मुठभेड़ में शासक व पूरा परिवार बंदी बना लिया गया था और यह गांव अविभाजित पंजाब और हिमाचल का एक मात्र व्यापार केंद्र था। वहां से देश विदेश तक व्यापार किया जाता और यहां पर व्यापारी ऊंठों, घोड़ों पर सामान लाकर बेचते वे यहां पर पहले से ही खद्दर का बहुत व्यापार था। यहां से बना खद्दर ताशकंद (विदेश) तक जाता था जिला होशियारपुर में पहला रेलवे स्टेशन 1914 में इस गांव में बना था। इस गांव में देश सका बंटवारा होने से पहले लाहौर और कराची से सीधी रेल यहां आती थी, जिसमें मिर्चो और हल्दी आदि होती थी जिनका व्यापार बहुत बड़े स्तर पर होता था।





खंडहर बना हुआ पुराना घर (दाएं) यह वह टिल्ला जब कोई जुर्म करता था जिसे उस समय की हुकूमत की ओर से फांसी की सजा दी जाती थी तो उसे इस टिल्ले पर ले जाकर धक्का देकर फेंक दिया जाता था।



खंडहर बनी किसी समय की आलीशान कोठी, खतरा बनी सीधी खड़ी इमारत।

### मौजूदा समय की जरूरतें

गांव में 25 बैड का अस्पताल तो है जिसमें स्टाफ के लिए 8 क्वार्टर और डाक्टरों के लिए 2 आलीशान कोठियां (घर) हैं परन्तु अस्पताल में कोई डाक्टर और न ही स्टाफ है सिर्फ एक डाक्टर सप्ताह में 2-3 बार आता है गांव में बिजली का 66 के. वी. सब स्टेशन है। यहां पर रेलगाड़ी जो पहले दिन में 3 बार आती जाती थी अभी पिछले समय से बिल्कुल बंद है जब के रेल सेवा शुरू होने उपरांत अगर इस लाइन को नंगल से जोड़ दिया जाए तो पंजाब और हिमाचल के लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी और साथ सही धार्मिक स्थान श्री आनंदपुर साहिब जाने वाली संगत को काफी आसानी हो जाएगी। गांव में पी.एन.बी. की ए.टी.एम. मशीन, पोस्ट आफिस, पार्क आदि है जबकि पहले केपुरानी इमारतों में बना हुआ है गांव का बाजार गांव के पेड़े और अन्य मिठाई बहुत मशहूर है गांव में बना बाजार पुरानी इमारतों में बना हुआ है। कई दुकानदारों की ओर से उनकी मुरम्मत करवा ली है और कई दुकानदार उन पुरानी इमारतों के नीचे वाले तल में दुकानदारी करते है। गांव के भीतर जाकर देखा जाए तो कई बड़ी-बड़ी इमारते खंडहर बन चुकी है जो आसपास के पड़ोसी घरों के लिए कभी भी नुक्सान का कारण बन सकती है। मेन बाजार को जाती सड़क कई जगहों से टूटी पड़ी जिसमें खड्डे पड़े हुए है।

### अविभाजित पंजाब से पहले कैसा था जेजों दोआबा

अविभाजित पंजाब से पहले गांव की बाहरी ओर पूरी तरह से चारदीवारी थी और गांव में गलियों में गेट लगे होते जैसे खन्ना स्ट्रीट, जैन स्ट्रीट, सूद स्ट्रीट आदि थे इन गलियों में एक ही एंट्री होती थी जिस पर गेट लगा होता था जो निश्चित समय पर बंद कर दिया जाता था गांव के बाहर बार एक पहाड़ नुमा जगह थी। गांव के बिल्कुल बाहर एक ऊंचा टिल्ला है उस समय जब कोई व्यक्ति किसी तरह का क्राइम करता था जिसे फांसी की सजा सुनाई जाती थी उसे इस टिल्ले पर लेजाकर ऊपर से धक्का दिया जाता था ताकि उसकी सजा पूरी हो जाए।

### किन नामों से जाना जाता था गांव को और क्यों

1500 की आबादी वाले गांव में 27 जातियों के लोग रहते है। इस गांव को पहले फलेवाली के नाम से भी जाना जाता था, क्योंकि यहां फल के बहुत घने पेड़ होते थे। इन सबके साथ-साथ गांव को पंज पीरों की नगरी भी कहा जाता रहा, क्योंकि यहां पर धार्मिक स्थान तो काफी है और सभी वंदनीय है फिर भी पांच पीरों में बाबा औघड़नाथ जी, बाबा जीजू शाह शाह जी (जिनके नाम पर इस गांव का नाम पड़ा), बाबा मनोहर दास, दरबार बाबा खाकी शाह जी और जवाला पुरी जी है। इनके अतिरिक्त यहां पर जामा मस्जिद, जैन मुनी मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर और डेरा रत्नपुरी ,माता रानी मंदिर भी आस्था व श्रद्धा का केंद्र है और गांव के एक और महिलावाली है। यहां लोगों के मुताबिक राजा मान सिंह के महल होते थे वह भी एक पहाड़ीनुमा ऊंवाई पर है।

### देश का कोई मैट्रो शहर या कस्बा नहीं जहां जेजों के व्यापारी न हो

जेजों दोआबा के खन्ना, जैन, सूद, और ब्राह्मण परिवार जब गांव में व्यापार कम होने लगा तो वह दूसरे शहरों में चले गए और वहां पर अपना व्यापार किया। आज देश के किसी भी कौने चले जाओ गांव जेजों दोआबा का कोई न कोई व्यक्ति जरूर मिलेगा अंग्रेजों के राज्यकाल में पूरे जिले से 5 लोग सरकार को टैक्स देते थे जिनमें 3 लोग जेजों दोआबा के थे जबकि उस समय जिला होशियारपुर का रकबा बहुत था जो अभी हिमाचल और रुपनगर में चला गया।

उल्लेखनीय है कि इस गांव की पहचान को बरकरार रखने के लिए सरकार को समय समय पर इसकी मुरम्मत को ओर ध्यान देना चाहिए ता के इस कस्बे की पहचान बनी रहे।

# जब राष्ट्रपति पधारें, तो बंदरों से गुजारिश है: कृपया तमीज से पेश आएं

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के वृंदावन और गोवर्धन के मंदिर शहरों के आसन्न दौरे ने प्रशासन में एक जानी-पहचानी प्रतिक्रिया जगा दी है: तत्परता। लेकिन इस बार जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली है, वह सिर्फ.सुरक्षा का कड़ा होना नहीं है, बल्कि बंदरों के लगातार बढ़ते आतंक से निपटने के लिए अपनाए जा रहे अजीबोगरीब तरीके हैं, जैसे लंगूरों के कटआउट और गुलेलें। एक स्तर पर, यह सूझबूझ की कहानी है। दूसरे स्तर पर, यह शासन-प्रशासन पर एक खामोश आरोप है, जो तभी जागता है जब सत्ता के गलियारों से कोई बड़ा व्यक्ति गुजरने वाला होता है।



### दिखावों का गणतंत्र

ज़िला प्रशासन की योजना के तहत, संवेदनशील जगहों पर प्रशिक्षित कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा, जिनके पास लंगूरों के कटआउट (जो रीसस बंदरों को डराने के लिए हैं) और गुलेलें होंगी। यह कोई पूरी तरह से नई बात नहीं है। ऐसे उपाय पहले भी कई शहरों में आजमाए जा चुके हैं। लेकिन राष्ट्रपति के दौरे से ठीक पहले, इनका अचानक और बड़े पैमाने पर इस्तेमाल एक गहरा सवाल खड़ा करता है : अगर ये समाधान मौजूद हैं, तो आम नागरिकों के लिए इन्हें लगातार लागू क्यों नहीं किया जाता?

### अदृश्य नागरिक

यह विरोधाभास बहुत स्पष्ट है। राष्ट्रपति के लिए सड़कें व्यवस्थित होंगी, वन्यजीव नियंत्रित होंगे, और आस-पास का माहौल अनुशासित होगा। वहीं, निवासियों के लिए, दौरे के खत्म होते ही, जल्द ही सब कुछ फिर से ₹सामान्य₹ हो जाएगा और इस ₹सामान्य₹ में वही पुरानी अराजकता भी शामिल होगी। यह असमानता शासन-प्रशासन में एक गहरी बीमारी को दिखाती है : टिकाऊपन के बजाय दिखावे को ज्यादा अहमियत देना। समस्याओं का हल नहीं निकाला जाता; उन्हें बस कुछ समय के लिए दबा दिया जाता है अक्सर ऐसे तरीकों से जो जितने प्रतीकात्मक होते हैं, उतने ही व्यावहारिक भी।

### दौरे से आगे

राष्ट्रपति मुर्मू का दौरा असल में एक मौके की तरह होना चाहिए सिर्फ.अपनी तैयारियों का दिखावा करने के लिए नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं पर फिर से सोचने के लिए। वृंदावन जैसे मंदिर वाले शहर सिर्फ.आध्यात्मिक केंद्र ही नहीं हैं; वे हजारों निवासियों और लाखों तीर्थयात्रियों के रहने की जगहें भी हैं। बंदरों के आतंक का कोई पक्का हल निकालने के लिए पर्यावरण के सही प्रबंधन, शहरी योजना और लगातार प्रशासनिक ध्यान देने की जरूरत होगी न कि जल्दबाजी में लगाए गए कटआउट और गुलेलों की।

**शासन की एक कसौटी...** आखिर में, असली परीक्षा यह नहीं है कि राष्ट्रपति का दौरा बिना किसी घटना के गुजर जाता है या नहीं। ऐसा लगभग तय है कि यह बिना किसी घटना के ही गुजर जाएगा। असली परीक्षा तो यह है कि क्या वही गंभीरता इस दौरे के बाद भी बनी रहती है। क्योंकि एक ऐसा गणराज्य, जो अपने सबसे ऊँचे पद की सुरक्षा के लिए अपनी पूरी मशीनरी लगा सकता है, उसे यह भी पक्का करना चाहिए कि उसके आम नागरिकों को अपने हाल पर न छोड़ दिया जाए हे उन्हें बंदरों से निपटना हो या किसी और चीज से। नहीं तो, शासन-प्रशासन के भी वैसा ही बन जाने का खतरा है, जैसे वे लंगूरों के कटआउट हैं : पहली नजर में तो वे बहुत असरदार लगते हैं, लेकिन असल में वे पूरी तरह से खोखले होते हैं।

### यह रोजमर्रा का खतरा

वृंदावन के निवासियों के लिए, बंदरों का आतंक कोई रस्मी परेशानी नहीं है; यह रोजमर्रा का खतरा है। चश्मे छीनने से लेकर बंदरों के काटने से होने वाली गंभीर चोटों तक, यह समस्या लंबे समय से उनके रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा रही है। फिर भी, इस पुरानी समस्या को प्रशासन की एक जरूरी प्राथमिकता बनाने के लिए राष्ट्रपति की मौजूदगी की संभावना का इंतजार करना पड़ता है।

### सुरक्षा बनाम प्रतीकात्मकता

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि राष्ट्रपति के दौरे के लिए कड़ी सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था की जरूरत होती है। यह पद गणतंत्र की गरिमा का प्रतिनिधित्व करता है। हालाँकि, जब शासन-प्रशासन सिर्फ.खास मौकों पर यानी सिर्फ.श्च्द्ध लोगों के आने-जाने के दौरान सक्रिय होता है, तो इससे लोक प्रशासन के एक नाटक बनकर रह जाने का खतरा पैदा हो जाता है।

### नियंत्रण का एक भ्रम पैदा कर सकते कटआउट

सड़कों के किनारे लगे लंगूरों के कटआउट शायद नियंत्रण का एक भ्रम पैदा कर दें, लेकिन वे एक रूपक का भी काम करते हैं। वे एक ऐसे ज्यादा मजबूत और दीर्घकालिक समाधान के विकल्प के तौर पर खड़े हैं, जो असल में कहीं नजर नहीं आता। अगर एक समन्वित प्रयास के जरिए कुछ दिनों के लिए बंदरों को दूर रखा जा सकता है, तो इसका मतलब है कि सरकार के पास ऐसा करने के लिए जरूरी साधन और क्षमता, दोनों मौजूद हैं। फिर सवाल यह उठता है : इस क्षमता को एक संस्थागत व्यवस्था का हिस्सा क्यों नहीं बनाया जाता?

### नागरिक समस्या से कहीं ज्यादा दिक्कत

इस लिहाज से, बंदरों का आतंक महज एक नागरिक समस्या से कहीं ज्यादा बन जाता है। यह एक ऐसा जरिया बन जाता है, जिससे हम सरकार और नागरिकों के बीच के रिश्ते को देखते हैं, एक ऐसा रिश्ता, जहाँ सरकार की तरफ से मिलने वाला जवाब अक्सर आने वाले मेहमान के ओहदे के हिसाब से तय होता है।

# CAG रिपोर्ट में पंजाब की जेलों की पोल खुली: 6 साल की देरी से बिगड़ी व्यवस्था, कैदियों को नहीं मिली बुनियादी सुविधाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ताजा रिपोर्ट ने पंजाब की जेल व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र द्वारा जारी मॉडल जेल मैनुअल 2016 को लागू करने में राज्य सरकार ने करीब 6 साल की देरी की, जिसके चलते जेलों की स्थिति लगातार खराब होती गई।



## स्वच्छता और सुविधाओं का अभाव

रिपोर्ट में साफ-सफाई की स्थिति को भी बेहद चिंताजनक बताया गया है।

- 74% पुरुष बैरकों और 63% महिला बैरकों में पर्याप्त शौचालय नहीं हैं।
- 9 जेलों में कपड़े धोने की मशीनें तक उपलब्ध नहीं हैं।
- किसी भी जेल में कपड़े साफ करने के लिए बायलर की सुविधा नहीं पाई गई।

## पेयजल पर भी खतरा

CAG के अनुसार, 39% जेलों में पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच तक नहीं कराई गई, जिससे कैदियों के स्वास्थ्य पर खतरा बना हुआ है।

## महिला कैदियों की अनदेखी

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कई जेलों में महिला कैदियों को सैनिटरी पैड जैसी जरूरी सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं, जो उनकी बुनियादी जरूरतों की अनदेखी को दर्शाता है।

## नियमों में देरी, हालात बदहाल

रिपोर्ट के अनुसार, जहां केंद्र सरकार ने 2016 में जेल सुधारों के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे, वहीं पंजाब सरकार ने इन्हें 2022 में लागू किया। इस लंबी देरी के कारण कैदियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं जैसे स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और सम्मानजनक जीवन प्रभावित हुईं।

## स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं, स्टाफ और बेड की भारी कमी

CAG ने खुलासा किया कि जेल अस्पतालों में 72% बेड और 60% मेडिकल स्टाफ की कमी है। इसके चलते 45,497 कैदियों को इलाज के लिए बाहरी सिविल अस्पतालों में भेजना पड़ा। इस दौरान 22 कैदी फरार भी हो गए, जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

## निर्माण और अपग्रेडेशन में भी लापरवाही

जेलों के निर्माण और अपग्रेडेशन में देरी ने स्थिति को और खराब किया। उदाहरण के तौर पर नाभा जेल को 2016 में असुरक्षित घोषित किया गया, लेकिन इसे अपग्रेड करने का फैसला 2021 में लिया गया और प्रक्रिया लंबी खिंचती रही।

# चंडीगढ़ के खिलाड़ियों को राहत: स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप के लिए आवेदन तिथि बढ़ी, पुराने नियमों से मिलेगा फायदा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। शहर के खिलाड़ियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। चंडीगढ़ खेल विभाग ने स्पोर्ट्स टैलेंट स्कॉलरशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। साथ ही, इस बार स्कॉलरशिप पुराने नियमों के तहत देने की तैयारी की जा रही है, जिससे सैकड़ों खिलाड़ियों को फायदा मिलने की उम्मीद है।



## पुराने नियमों से मिलेगा लाभ

खेल विभाग ने संकेत दिए हैं कि 2023-24 सत्र के लिए राज्य स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को पुराने नियमों के आधार पर ही कैश अवार्ड दिया जाएगा। इस संबंध में प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा जा चुका है और जल्द ही आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी हो सकता है।

## कोच को भी मिलेगा कैश अवार्ड

खेल विभाग ने नई स्पोर्ट्स पॉलिसी के तहत कोच को भी कैश अवार्ड देने का फैसला लिया है। 2020 से 31 मार्च 2025 तक जिन कोच की देखरेख में खिलाड़ियों ने नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर मेडल जीते हैं, वे 16 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## नए नियमों से हुआ था विवाद

दरअसल, विभाग ने पहले शर्त रखी थी कि केवल उन्हीं खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप मिलेगी, जिनके टूर्नामेंट में कम से कम सात टीमें शामिल हों। इस नियम से बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खासकर महिला खिलाड़ी, स्कॉलरशिप से बाहर हो गई थीं। इसके बाद खिलाड़ियों और अभिभावकों ने इस फैसले के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई थी।

## महिला खिलाड़ियों को बड़ी राहत

पुराने नियम लागू होने से इंटर-स्कूल और कॉलेज स्तर की महिला खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा, क्योंकि कई खेलों में महिला टीमों की संख्या कम होती है।

## नियमों की समीक्षा के लिए बनेगी कमेटी

स्कॉलरशिप नियमों में खामियों को देखते हुए विभाग जल्द ही एक कमेटी गठित करेगा, जो विभिन्न खेलों में टीमों की संख्या और अन्य पहलुओं की समीक्षा करेगी।

## प्रशासन का बयान

चंडीगढ़ प्रशासन की खेल सचिव प्रेरणा पुरी ने बताया कि खिलाड़ियों की मांग को ध्यान में रखते हुए आवेदन तिथि बढ़ाई गई है और पुराने नियमों के तहत स्कॉलरशिप देने का प्रस्ताव भेजा गया है।

# पंजाब में संभावित आतंकी हमला टला; दो ग्रेनेडों सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार



पंजाब/ यूटर्न/18 मार्च। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रहे सुरक्षा अभियान के तहत पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) बठिंडा टीम ने दो आरोपियों को दो हैंड ग्रेनेड सहित गिरफ्तार कर संभावित आतंकी हमले को टाल दिया। गौरव यादव (डीजीपी) के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बूटा सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह और हरमंदर सिंह उर्फ निक्का के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बरामद ग्रेनेड सीमा पार की अवैध सप्लाई चेन का हिस्सा थे, जिनका उद्देश्य प्रदेश की शांति भंग करना था। ऑपरेशन की जानकारी देते हुए अवनीत कौर सिद्धू ने बताया कि पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी, जिसके आधार पर मोगा-फिरोजपुर रोड से दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

# चंडीगढ़ में 'पैडयात्रा' के जरिए मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता अभियान

## नि:शुल्क सैनिटरी पैड और साबुन का वितरण, महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी








चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। महिलाओं और युवतियों में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ के जगतपुरा पिंड में एक विशेष 'पैडयात्रा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व डॉ. जितेंद्र सिंह और डॉ. जानकी रानी ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर महिलाओं को नि:शुल्क सैनिटरी पैड और साबुन वितरित किए गए। स्वच्छता प्रशिक्षक हिमांशी ने उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी सावधानियों, स्वास्थ्य संबंधी जरूरी बातों और स्वच्छता के सही तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पहल में संजय, सपना, राज कुमार, सूरज, नेहा, रेनू, हर्षिता, पायल और चांदनी सहित सहयोगी टीम के सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और स्वच्छता समाज की महत्वपूर्ण नींव है। मासिक धर्म को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है, ताकि महिलाएं स्वस्थ और आत्मविश्वासी जीवन जी सकें। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान के लिए अहम कदम बताया। गौरतलब है कि यह 'पैडयात्रा' अभियान वैश्विक स्तर पर चलाया जा रहा है, जिसके तहत सैकड़ों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और आगे भी इसे व्यापक स्तर पर जारी रखने की योजना है।

# स्प्रिंग डेल की चेयरपर्सन को किया गया सम्मानित




लुधियाना/यूटर्न/18 मार्च। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि स्कूल की माननीय चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया को शी कनेक्ट्स की ऑफिशियल वेबसाइट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मानित किया गया। यह एक ऐसा संगठन है जो महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए काम करता है। इस खास अवसर पर, श्रीमती वालिया ने बटन दबाकर वेबसाइट का औपचारिक उद्घाटन किया।इससे उभरती महिला उद्योगपतियों के लिए एक नए डिजिटल मंच की शुरूआत हुई। पद्म श्री से सम्मानित रजनी बैक्टर और लुधियाना की मेयर इंदरजीत कौर के साथ-साथ ह्यशी कनेक्ट्सह्र के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से यह कार्यक्रम और भी खास और महत्वपूर्ण हो गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके शानदार योगदान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनके लगातार प्रयासों को देखते हुए वालिया को समारोह के दौरान सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# नशे और अपराध के खिलाफ कार्रवाई रहेगी जारीः नकोदर में 'युद्ध नशा विरुद्ध' के तहत कार्यक्रम करवाया, एसएसपी विर्क ने जनता से सहयोग मांगा



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। जालंधर ग्रामीण पुलिस ने नशा तस्करी और आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए एक विशाल संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 'युद्ध नशा विरुद्ध' अभियान के तहत नकोदर सब-डिवीजन के लिली फार्म पैलेस, जालंधर-नकोदर रोड पर हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरविंदर सिंह विर्क, पीपीएस, के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार, पीपीएस, एसपी (स्थानक); इंदरजीत सिंह, डीएसपी (तफ्तीश); ओंकार सिंह बराड़, डीएसपी (सब-डिवीजन नकोदर); और सुखपाल सिंह, डीएसपी (सब-डिवीजन शाहकोट) भी मौजूद थे।

# जीरकपुर के वार्ड-27 में सीवर सिस्टम फेल, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

## लोगों का आरोप–बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ स्थायी समाधान, बीमारियों का खतरा बढ़ा







'मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। मेरे संज्ञान में अभी आप से आया है। मैं इसको चेक करवा लेता हूं।'
— स्वनीत सिंह, जेई, नगर परिषद

जीरकपुर, यूटर्न, 18 मार्च। जीरकपुर के वार्ड नंबर-27 में सीवर व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। क्षेत्र में लगातार सीवर ओवरफ्लो, टूटी पाइपों और जाम बरसाती लाइनों की समस्या बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।समाजसेवी योगेश अरोड़ा और स्थानीय निवासी गौरव, राहुल, निखिल, वीपी सिंह, संजीव और अनवर अहमद ने प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सीवर का गंदा पानी अक्सर सड़कों पर फैल जाता है, जिससे न केवल आवागमन बाधित होता है बल्कि बदबू और गंदगी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

खासतौर पर शिवालिक विहार में सैनी डेयरी के सामने हालात बेहद खराब हैं, जहां पाइपें लगातार जाम रहती हैं। कई बार तो एक फुट तक गंदा पानी सड़कों पर बहता नजर आता है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वे कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन हर बार केवल अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है और कुछ ही दिनों में समस्या फिर खड़ी हो जाती है।

इलाके में डायरिया जैसी बीमारियों के मामले सामने आने लगे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए खतरा बढ़ गया है। घरों के अंदर तक बदबू पहुंच रही है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

समाजसेवी योगेश अरोड़ा ने प्रशासन से मांग की है कि सीवर लाइनों की नियमित सफाई करवाई जाए, टूटी पाइपों को बदला जाए और जाम बरसाती पाइपों की तुरंत मरम्मत की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# जालंधर एसबीआई क्लर्क के ओपन डेटेड नॉन-बेलेबल वारंट जारीः मोहाली CBI कोर्ट ने जारी किए, भ्रष्टाचार मामले में चल रहा फरार, दोषी ठहराया जा चुका



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की न्यू रेलवे रोड शाखा, जालंधर में क्लर्क रह चुके नवीन कुमार जैन पर 37 साल पुराने भ्रष्टाचार मामले में मोहाली की विशेष अदालत ने सख्त कार्रवाई की है। विशेष न्यायाधीश ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ओपन डेटेड (बिना तारीख वाले) गैर-जमानती वारंट जारी कर दिए। नवीन कुमार जैन पर 21 अगस्त 1989 को CBI की एंटी करप्शन ब्रांच चंडीगढ़ ने केस दर्ज किया था। उस पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के आरोप है। उस पर IPC की धारा 420, 467, 468, 471, 477 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगे थे।

2 दिसंबर 1994 को विशेष न्यायाधीश पटियाला ने उन्हें दोषी ठहराया। नवीन कुमार जैन ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में अपील दायर की, जिसे 9 सितंबर 2010 को खारिज कर दिया गया। चूंकि वह बैंक कर्मचारी थे, इसलिए उन्हें प्रोबेशन का लाभ नहीं मिला। सजा काटने के लिए अदालत में आत्मसमर्पण न करने पर 16 अप्रैल 2013 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था। उप पुलिस अधीक्षक द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि अभियुक्त की उपस्थिति सामान्य तरीके से सुनिश्चित नहीं हो रही है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी के लिए ओपन डेटेड नॉन-बेलेबल वारंट जारी करने का आदेश दिया गया। मामले के दस्तावेज अब रिकॉर्ड रूम में भेज दिए गए हैं।

# पंजाबी सिंगर सुनंदा लाइव शो में इशारे करने पर भड़कीं:बीच में गाना रोका, युवक से बोलीं-अभी छोड़ रही हूं, शो खराब नहीं करना चाहती



पंजाब/यूटर्न/18 मार्च। पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा के लाइव शो के दौरान एक युवक ने ऑडियंस के बीच से इशारे किए। सुनंदा पहले गाना गाती रहीं, लेकिन जब युवक अपनी हरकतों से नहीं रुका तो उन्होंने गाना बीच में ही रोक दिया। गुस्से में सुनंदा शर्मा ने उसे चेतावनी देते हुए कहा कि अभी शो अच्छा चल रहा है, इसलिए अभी छोड़ रही हूं, मैं शो खराब नहीं करना चाहती। नहीं तो...इतना कहकर उन्होंने उसे घूरा और फिर दोबारा गाना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह कार्यक्रम 13 मार्च को एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड में हो रहा था, जहां बड़ी संख्या में छात्र उनके गानों पर झूम रहे थे। शो के दौरान तनाव सिर्फ यहीं खत्म नहीं हुआ। कुछ ही देर बाद जब सुनंदा गाना गा रही थीं, तभी अचानक स्टेज पर लगा एक आतिशबाजी वाला पटाखा तेज आवाज के साथ फूट गया। अचानक हुए इस धमाके और धुएं से सुनंदा बुरी तरह डर गईं और कुछ पल के लिए पीछे हट गईं। हालांकि कुछ सेकंड बाद ही उन्होंने हंसते हुए इस स्थिति को संभाला और मजाकिया लहजे में आयोजकों से कहा अब प्लीज इसके बाद मत चलाना। उनके इस जेस्चर ने वहां मौजूद हजारों छात्रों का दिल जीत लिया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग सिंगर की हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने लाइव शो में बदतमीजी करने वाले को सबके सामने बेनकाब किया। वीडियो सामने आने के बाद फैंस सुनंदा के सपोर्ट में उतर आए हैं। फैन्स का कहना है कि किसी भी फीमेल आर्टिस्ट के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। लोगों ने लिखा- शेरनी है सुनंदा।



# 4 साल बाद एक्टिव हुए विधायक पप्पी, सट्टे की दुकान पर रेड, बीजेपी नेता देबी बोले - जनकपुरी में चल रही दुकानों पर भी ध्यान दें नेतागन

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/18 मार्च। हल्का सेंट्रल में जहां अक्सर सरेआम अवैध लाटरी और सट्टे की दुकानें चलने के मामले चचाओं में आते रहते हैं। वहीं यूटर्न टाइम अखबार द्वारा भी पहले इन मामलों को लेकर कई अहम खुलासे किए थे। लेकिन अब जाकर आम आदमी पार्टी से हल्का सेंट्रल से विधायक अशोक पराशर पप्पी द्वारा सट्टे की दुकानों पर रेड करनी शुरू की गई है। बुधवार को उनकी तरफ से थाना डिवीजन नंबर तीन के एसएचओ इंस्पेक्टर नरदेव सिंह को साथ लेकर थाने से कुछ दूरी पर कूड़ा डंप के पास दूसरी बार सट्टेबाजों पर रेड की। हालांकि इस रेड के बाद चचाएं छिड़ गई हैं कि विधायक बनने के चार साल बाद वे रेड करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस द्वारा चार लोगों को पकड़कर कैश बरामद किया गया। हालांकि इस रेड को लेकर हल्का सेंट्रल से बीजेपी नेता गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि विधायक को जनकपुरी और गणेश नगर की कुछ गलियों के मोड़ पर चल रही जुए की दुकानों और कुछ दुकानों के ऊपर चल रहे सट्टे के कारोबार पर भी ध्यान देने की जरुरत है। विधायक अगर समाज सुधार कर रहे हैं तो वे उन्हें भी बंद करवाए। सिर्फ चुनिदा दुकानों पर एक्शन लेकर खानापूर्ति न करें। हालांकि विधायक पप्पी ने कहा कि वह अपने हल्के में गैरकानूनी काम नहीं होने देगें। उन्हें जब-जब शिकायतें मिलती है, वह तुरंत एक्शन ले रहे हैं।

## बीजेपी नेता देबी ने कहा - लेबर पर एक्शन, मलाई खाने वाले मालिकों का हो रहा बचाव



सट्टे की दुकान पर रेड करते विधायक पप्पी

### सिर्फ दिहाड़ीदारों पर एक्शन, मालिकों का बचाव

वहीं बीजेपी नेता गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि विधायक द्वारा जहां भी रेड की गई, वहां सिर्फ दिहाड़ीदारों पर ही मामला दर्ज किए जा रहे हैं। 500-700 दिहाड़ी लेकर नौकरी करने वाले लोगों का इसमें क्या कसूर हैं। अगर पकड़ना हैं तो मलाई खाने वाले मालिकों को पकड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अगर विधायक सच में सट्टे की दुकानें बंद करवाना चाहते हैं तो वह सबसे पहले इन दुकानों के मालिकों पर कार्रवाई करें।

### काका बानिया की हैं दुकान

वहीं रेड के दौरान काउंटर पर बैठे व्यक्ति ने खुद का नाम वरिंदर बताया। उसने कहा कि वह तो 700 रुपए दिहाड़ी पर नौकरी करता है, जबकि दुकान का मालिक काका बानिया नामक व्यक्ति है। इस दौरान विधायक द्वारा वहां सट्टा खेलने वाले कुछ लोगों से बात की गई। जिसमें एक ने कहा कि वह ई झरिक्शा चलाता है और सुबह से चार हजार रुपए जुए में हार चुका हैं। वहीं एक बुजुर्ग ने कहा कि वे चाय की दुकान चलाता है और सुबह से तीन सो रुपए हार गया है।

### तू की करदा पिया ऐथे, हुण तेरी छुट्टी होनी आ

इस दौरान थाना डिवीजन नंबर तीन के एसएचओ इंस्पेक्टर नरदेव सिंह भी मौजूद थे। वहीं विधायक पप्पी ने एसएचओ को कहा कि तेरे सराहने सरेआम जुआ चल रिहा, तू की करदा पिया ऐथे। एचएचओ ने कहा कि वह दो दिन की छुट्टी पर थे। जिस पर विधायक ने कहा कि तू गरीबां नू लूटा रिहा, हुण तेरी छुट्टी होनी आ, चल तू छुट्टी कर। फिर उन्होंने एसएचओ से कहा कि चल ओहदी चैकिंग कर जाके।

### चर्चा; राजनीतिक शह पर जनकपुरी में सालों से चल रही सट्टे की दुकानें

वहीं बता दें कि गुरदेब शर्मा देबी द्वारा अक्सर ही जनकपुरी इलाके में सरेआम सट्टे की दुकानें चलने के आरोप लगाए जाते हैं। वहीं यूटर्न टाइम अखबार द्वारा पहले इस संबंधी खुलासे भी किए गए थे। चर्चा है कि जनकपुरी में सट्टे की दुकानें चला रहे सट्टेबाजों को कुछ लीडरों की शह है। जिसके चलते सालों से आज तक वे दुकानें बंद नहीं हो सकी और न ही कोई उनका जिक्र करता है। वहीं चर्चा है कि जनकपुरी की यह दुकानें कांग्रेस सरकार और फिर आप सरकार के कार्यकाल में भी उसी तरह चल रही हैं।



### शिकायत आने पर लिया जाता है एक्शन

इंस्पेक्टर नरदेव सिंह ने कहा कि वह दो दिन से छुट्टी पर थे। कूड़ा डंप के पास ट्रांसपोर्ट की दुकानें हैं। जिसमें सट्टा चल रहा था। जब भी कोई शिकायत व सूचना मिलती है तो तुरंत एफआईआर दर्ज की जाती है।



### पिंक एंड चूज पॉलिसी न अपनाएं विधायक - देबी

बीजेपी नेता गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि हल्का सेंट्रल में सबसे ज्यादा नशा बिकता है और सट्टे की दुकानें हैं। विधायक अशोक पराशर अगर सच में हल्के से सट्टे का कारोबार बंद कराना चाहते हैं तो वह पिंक एंड चूज की पॉलिसी न अपनाएं। उन्हें जनकपुरी और गणेश नगर में चल रही दुकानों पर भी इसी तरह रेड करने की जरुरत है। देबी ने कहा कि दिहाड़ी पर काम करने वाले कर्मियों को पकड़ने की बजाए मलाई खाने वाले मालिकों को पकड़ा जाए, उनका बचाव न किया जाए।

# सुरक्षा प्रमुख की मौत के बाद ईरान ने क्लस्टर वॉरहेड से तेल अवीव पर हमला किया

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मार्च। ईरान ने तेल अवीव को क्लस्टर वॉरहेड ले जाने वाली मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बुधवार को बताया कि यह हमला इजरायल द्वारा ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी की हत्या के बदले में किया गया था। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जिसका नेतृत्व लारीजानी सचिव के तौर पर कर रहे थे, ने बताया कि सोमवार रात इजरायल के हमले में लारीजानी के बेटे और उनके डिप्टी, अलीरेजा बायात भी मारे गए। ये लक्षित हत्याएं ऐसे समय में हुई जब ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल का युद्ध कम होने के कोई संकेत नहीं दिखा रहा है। इजरायल ने कहा है कि ईरान ने बार-बार क्लस्टर वॉरहेड का इस्तेमाल किया है। ये वॉरहेड हवा में ही कई छोटे-छोटे विस्फोटकों में बँट जाते हैं और एक बड़े इलाके में फैल जाते हैं, जिससे इन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है।



**दो लोगों की हुई मौत...**मंगलवार रात घनी आबादी वाले तेल अवीव पर हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जिससे इस युद्ध में इजरायल में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 14 हो गई है। ईरान में, मंगलवार शाम बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास एक इलाके में एक प्रोजेक्टाइल गिरा। हालाँकि, ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्क्षएअ) को बताया कि इससे कोई नुकसान या चोट नहीं पहुँची। क्क्षएअ के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने परमाणु दुर्घटना के जोखिम से बचने के लिए, इस संघर्ष के दौरान अधिकतम संयम बरतने की अपनी अपील दोहराई।

**परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना था...**इजरायल और अमेरिका ने कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार कार्यक्रम विकसित करने से रोकना उन हमलों का एक लक्ष्य था, जो उन्होंने दो हफ़्ते से भी पहले शुरू किए थे। इन हमलों में देश के सर्वोच्च नेता और कई अन्य शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी, जिसने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बात की, के अनुसार, ईरान के नए सर्वोच्च नेता, मोज्तबा खामेनेई ने ईरान के विदेश मंत्रालय को भेजे गए उन प्रस्तावों को खारिज कर दिया है जिनमें ₹अमेरिका के साथ तनाव कम करने या संघर्ष विराम₹ की बात कही गई थी।

**शांति के लिए समय सही नहीं...**अधिकारी के अनुसार, अपनी नियुक्ति के बाद पहली विदेश नीति बैठक में शामिल होते हुए खामेनेई ने कहा कि शांति के लिए यह सही समय नहीं है, जब तक कि अमेरिका और इजरायल घुटनों पर न आ जाएं, अपनी हार स्वीकार न कर लें और मुआवजा न दें।₹अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि युवा खामेनेई जो पिछले हफ़्ते अपने मारे गए पिता की जगह लेने के लिए नामित किए जाने के बाद से अब तक तस्वीरों या टीवी पर दिखाई नहीं दिए हैं, ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया था या दूर से (रिमोटली)। ट्रंप का कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है

**ईरान में 3 हजार मौतें हुई...**अमेरिका स्थित ईरान मानवाधिकार समूह ल्फ्अठअ ने सोमवार को कहा कि फरवरी के आखिर में अमेरिका-इजरायल के हमले शुरू होने के बाद से ईरान में अनुमानित 3,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। ईरान के हमलों में इराक और खाड़ी देशों के साथ-साथ इजरायल में भी लोग मारे गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि 2 मार्च को इजरायल द्वारा लेबनान पर हमले शुरू करने के बाद से 900 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य, जो दुनिया के तेल व्यापार के पांचवें हिस्से के लिए एक ट्रांजिट पॉइंट है, काफी हद तक बंद है क्योंकि ईरान ने अमेरिका और इजरायल से जुड़े टैंकरों पर हमला करने की धमकी दी है। तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं।

**ट्रंप ने सहयोगी देशों की आलोचना की...**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में सहयोगी देशों की बार-बार आलोचना की है, क्योंकि उन्होंने जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों के गुजरने को बहाल करने के लिए उनकी सैन्य मदद की गुजारिश पर ठंडी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (ठअळड) में अमेरिका के ज्यादातर सहयोगियों ने ट्रंप से कहा है कि वे इस संघर्ष में शामिल नहीं होना चाहते; उन्होंने ठअळड के इस रुख को एक बहुत बड़ी बेवकूफी भरी गलती बताया। इस तथ्य के कारण कि हमें इतनी बड़ी सैन्य सफलता मिली है, अब हमें ठअळड देशों की मदद की 'जरूरत' नहीं है, न ही हम उसकी इच्छा रखते हैं, हमें तो कभी थी ही नहीं ! ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, और जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया का भी खास तौर पर ज़िक्र किया।

**अमेरिका ने ईरान के समुद्र तट को निशाना बनाया...**अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के समुद्र तट पर स्थित ठिकानों को निशाना बनाया है, क्योंकि ईरान की जहाज-रोधी मिसाइलों से वहाँ अंतरराष्ट्रीय जहाजों को खतरा था। मंगलवार को तेल की कीमतों में लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात में तेल ठिकानों पर अपने हमले फिर से शुरू कर दिए थे; 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कीमतें लगभग 45 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति में फिर से तेजी आने की चिंताएँ बढ़ गई हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि अगर जून तक युद्ध जारी रहा, तो करोड़ों लोगों को भीषण भुखमरी का सामना करना पड़ेगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372